तैयार रहें युवा, 50 हजार सरकारी पदों पर बहुत जल्द होगी भर्ती

तैयार रहें युवा, पचास हजार सरकारी पदों पर होगी बंपर भर्ती। मंत्रीमंडल की बैठक में लिया गया फैसला। हरियाणा सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए सूबे में 50 हजार भर्तियों का पिटारा खोला है। सरकार ने यह फैसला बुधवार को हुई मंत्री समूह की बैठक में लिया है। मंगलवार को योग दिवस के कारण यह बैठक नहीं हो सकी थी, जो कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को हुई।

हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री कर्णदेव कांबोज ने बताया कि विभिन्न विभागों के सी एवं डी समूह के करीब 50 हजार पदों की भर्ती अनुबंध आधार पर शीघ्र ही जिलावार की जाएगी। इससे प्रदेश के सभी क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार के समान अवसर प्राप्त करवाए जा सकेंगे।

सरकार के मुताबिक पिछली कांग्रेस की भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार के दौरान हरियाणा के अधिकतम क्षेत्रों के युवाओं को केवल जिलों के नाम के कारण बेरोजगार रहना पड़ा था, लेकिन हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए सभी जिलों के युवाओं को समान अवसर प्राप्त करवाएगी। इससे विभागों के सुस्त पड़े कार्यों को न केवल गति मिलेगी, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की शिकायतों को दूर करने में सहायता मिलेगी।

खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ने बताया कि विभिन्न जिलों में रिक्त पड़े विभिन्न विभागों के कुल पदों के लिए यह भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। जिसके लिए विभागों के अधिकारियों की कमेटी बनाई जाएगी। यह समिति उनके चयन की प्रक्रिया को पूरा करेगी। शुरुआती तौर पर इन पदों को अनुबंध आधार पर एक वर्ष के लिए भरा जाएगा।